प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पदक विजेताओं ने की कुलपति से मुलाकात

पंतनगर। 15 फरवरी, 2025। अलवर (राजस्थान) में आयोजित 44वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक चैम्पियनशिप–2025 में मेडल प्राप्त खिलाड़ियों ने शनिवार विष्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने सभी पदक प्राप्त खिलाड़ियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के लगभग 1500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, सुरक्षाधिकारी डा. जी.एस. बोहरा, अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय मौजूद रहें।

इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय के कार्मिकों ने 09 पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रत्येक कार्मिक को अपने कार्य के साथ खेलों में प्रतिभाग करना चाहिए। बेहतर सेहत के लिए खेल आवश्यक है। साथ ही कुलपति ने कहा कि छात्रों के साथ–साथ कार्मिकों को भी खेल की सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्टेडियम में ट्रैक में सुधार किया जाएगा तथा थोड़े समय में एक स्वीमिंग पूल का निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी योगेश पन्त एवं डा. संदीप कुमार ने प्रतियोगिता के अपने अनुभवों को साझा किया। प्रतिभागी प्रभाकर जोशी ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता इंडोनेशिया में प्रतिभाग करने हेतु कुलपति के समक्ष प्रस्ताव रखा। कुलपति ने इस पर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पदक प्राप्त प्रभाकर जोशी, सुदीश राय, रजनीश पाण्डेय, अशोक कुशवाहा, बृजेश यादव, राजेश जुकारिया, अशोक कुमार, स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य डा. मंजु जोशी, बजीर अहमद, अजीत यादव, अनिल जोशी व मोहित कुमार भी मौजूद रहें।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ मेडल प्राप्त खिलाड़ियों एवं स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य।